लोक सभा अध्यक्ष ने दीपावली की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 29 अक्तूबर 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने दीपावली की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा :

" मैं दीपावली की पूर्वसंध्या पर अपने सभी भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं और हार्दिक बधाई देती हूँ।

प्रकाश पर्व बुराई और अज्ञानता पर सच्चाई और ज्ञान की जीत का प्रतीक है। इस शुभ अवसर पर आइये हम सब उन सभी बुरी ताकतों के विरुद्ध लड़ने के अपने संकल्प को दोहरायें जिनसे हमारे देश की एकता और देशवासियों की सुरक्षा को ख़तरा है। इस अवसर पर हम अपने सैनिकों को भी नमन करें जो दिन रात हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। इस वर्ष दीपावली हमारे लिए भावनात्मक भी है क्योंकि हमारे सैनिक अपने परिवारों से दूर आतंक को पालने वालो से हमारी रक्षा कर रहे हैं।

इस उल्लासपूर्ण पर्व को मनाते हुए हमें मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन और शिक्षाओं में निहित करुणा और धर्म के मूल्यों का भी स्मरण हो आता है। आइये इस दीपावली के अवसर पर हम प्रभु राम के परस्पर सम्मान, भाईचारे और स्नेह के सन्देश को आत्मसात करें। मैं कामना करती हूँ कि हर्षोल्लास से परिपूर्ण यह पर्व भारत में स्थिरता, शान्ति और समृद्धि लाए ।"